Roll No. ....

E–3152

B. A. (Part I) EXAMINATION, 2021

(Old Course)

HINDI LITERATURE

Paper First

(प्राचीन हिन्दी काव्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निमनलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 24

(क) सतगुरु की महिमा अनन्त, अनन्त किया उपकार।
लोचन अनँत उघाड़िया, अनन्त दिखावणहार॥

रामनाम के पटंतरै देबै को कछु नाहिं।
क्या लै गुरु संतोषिया हौंस रही मन माँहि॥

अथवा

नागमती चितउर पंथ हेरा। पिउ जो गए पुनि कीन्ह न फेरा॥
नागरि नारि काँहु बस परा। तेइ मोर पिउ मोसौं हरा॥
सुआ काल होइ लेगा पीऊ। पिउ नहि लेत लेत बरु जीऊ॥

भएउ नरायन बांवन करा। राज करत राजा बलि छरा॥
करन बान लीन्हेउ मैं छंदू। विप्र रूप धरि झिलमिल इंदू॥
मानत भोग गोपीचंद भोगी। लेइ उपसवा जलंधर जोगी॥
लेइगा कृष्नहि गरुड़ अलोपी। कठिन बिछोह जियहि किमि गोपी॥

(ख) आयो घोष बड़ो व्योपारी।
लादि खेप गुन ज्ञान जोग की ब्रज में आय उतारी॥
फाटक देकर हाटक माँगत भोरे निपट सुधारी।
धुर ही तें खोटो खायो है लयो फिरत सिर भारी॥
इनके कहै कौन डहकावै ऐसी कौन अजानी।
अपनो दूध छांड़ि को पीवै खार कूप को पानी॥
उधौ जाहु सवार जहाँ तें बेगि गहरु जनि लावौ।
मुँह मांग्यो पैही सूरज प्रभु साहुहि आनि दिखावै॥

अथवा

बरनि रामगुन सीलु सुभाऊ। बोले प्रेम पुलकि मुनि राऊ॥
भूप सजेउ अभिषेक समाजू। चाहत देन तुम्हहि जुबराजू॥
राम करहु सब संजम आजू। जौ विधि कुसल निबाहै काजू॥
गुरु सिख देइ राय पहिं गयऊ। राम हृदय अस बिसमउ भयउ॥
जनमें एक संग सब भाई। भोजन सयन केलि लरकाई॥
करन बेध उपबीत बिआहा। संग-संग सब भए उछाहा॥

(ग) झलकै अति सुन्दर आनन गौर, छकै दृग राजत काननि छ्वै।
हँसि बोलनि मैं छबि फूलन की बरषा, उर ऊपर जाति ह्वै।
लट लाल कपोल कलोल करै, कल कंठ बनी जलजावलि द्वै।
अंग-अंग तरंग उठै दुति की, परिहै मनौ रूप अवै घर च्वै।

अथवा

यों रहीम सुख होत है, उपकारी के संग।
बाँटन हारै के लगौ, ज्यों मेंहदी को रंग।
जो रहीम उत्तम प्रकृति, का कर सकत कुसंग।
चन्दन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग।

2. कबीर की साखियों में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। वर्णन कीजिए। 8

अथवा

नागमती का विरह वर्णन कीजिए।

3. तुलसीदास की भक्तिभावना का वर्णन कीजिए। 8

अथवा

सूरदास के भ्रमर गीत का वर्णन कीजिए।

4. घनानंद की काव्यगत विशेषता लिखिए। 8

अथवा

सगुण भक्ति काव्य की विशेषता लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(i) विद्यापति की कविता में श्रृंगार

(ii) रहीम के दोहे

(iii) रसखान की कृष्णभक्ति

(iv) जायसी की भाषा

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12

(i) हिन्दी का सर्वप्रथम रहस्यवादी कवि कौन है ?

(ii) बीजक किसने लिखा है ?

(iii) जायसी कहाँ के रहने वाले थे ?

(iv) पद्मावत की नायिका कौन हैं ?

(v) सूरसागर किसने लिखा है ?

(vi) सूरदास के गुरु कौन थे ?

(vii) तुलसीदास का जन्म कहाँ हुआ था ?

(viii) रामचरितमानस किसने लिखा है ?

(ix) प्रेम की पीर के पक्षधर कवि का नाम लिखिए।

(x) रीति काल के अनूठे रसीले कवि कौन थे ?

(xi) 'कीर्ति पताका' किसने लिखा है ?

(xii) अपनी सूक्तियों के कारण किसके दोहे प्रसिद्ध हैं ?